संक्षिप्त

कविता कांग्रेस जिला सचिव नियुक्त

कविता टोरडा

कोटपूतली, (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा हाल ही में जयपुर देहात की जिला कार्यकारिणी घोषित की गई है। इसमें टोरडा गुजरान निवासी कविता टोरडा पुत्रवधु लालचन्द गुर्जर को कांग्रेस कमेटी जयपुर देहात की जिला सचिव नियुक्त किया गया है। इस पर कविता ने पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुन्तला रावत, पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा व पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर का आभार प्रकट किया है।

टेंपो चालक गंभीर घायल

मंडावरी, (निसं)। थाना क्षेत्र के पक्का धौरा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच 11 बी पर बीती रात एक केला देवी एक्सप्रेस निजी बस ने तेज गति लापरवाही से चलते हुए सामने से आ रहे एक टेंपो को चपेट में ले लिया। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि निजी बस द्वारा टक्कर मारने के बाद टेंपो के परखच्चे उड़ गए एवं चालक करीब 20 फीट दूर उछल कर जाकर गिरा। चालक घनश्याम सैनी लालसोट कस्बे का रहने वाला है और मंडावरी से खुद निवास लौटने के समय यह दुघर्टना घटी। दुर्घटना के बाद चालक को लालसोट उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर टेंपो चालक की हालत गंभीर होने के लिए कारण चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार देकर घायल चालक को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

28वां दीक्षा दिवस मनाया

टोंक, (निसं)। आदिनाथ शुभकामना परिवार पुरानी टोंक द्वारा रविवार को माघ शुक्ल द्वितीया को जैन भवन पुरानी टोंक में आर्यिका स्वस्ति भूषण का 28वां दीक्षा दिवस मनाया गया। संयोजक मधु लुहाडिया ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। संतरा सोनी, मंजू सोनी एवं सोनिया जैन ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा आर्यिका स्वस्ति भूषण की पूजा कर अघर्य एवं श्रीफल समर्पित किए गए। महिलाओं ने आर्यिका की भक्ति में विनतीयां गाई। मंगल गीत एवं भजन गाते हुए भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। दीप प्रज्जवलन कर ऋद्धि मंत्रों के उच्चारण के साथ भक्तामर का पाठ एवं णमोकार महामंत्र का जाप किया गया एवं घी के 28 दीपक जलाकर आरती की गई।

विशेष हिजामा थैरेपी शिविर आज

देवली, (निसं)। यूनानी चिकित्सा के जन्मदाता हकीम अजमल खान की स्मृति पर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को स्थानीय राजकीय यूनानी चिकित्सालय में प्राकृतिक एवं आधुनिक मशीनों द्वारा हिजामा थैरेपी के शिविर का आयोजन होगा। यूनानी चिकित्सक लियाकत अली मंसूरी ने बताया कि शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा।उन्होने बताया कि हिजामा थैरेपी द्वारा नसों व नर्व से संबंधित उपचार किया जाता है। यह उपचार रीढ़ की हड्डियों के डिस्क का डैमेज होना नसों का दबना, शरीर का हिस्सा सुन्न होना या उनमें दर्द होना साइटिका दर्द आदि का ईलाज होता है

कलयुगी पिता ने किया बलात्कार

देवली, (निसं)। उपखंड के एक थाना क्षेत्र में रिश्तो को तार-तार करने का मामला सामने आया है। पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ कि कलयुगी पिता ने अपनी पुत्री के साथ कई मर्तबा दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि देवली क्षेत्र के घाड थाने में एक महिला ने प्रकरण दर्ज करवाया है। इसमें बताया कि उसकी पुत्री के साथ उसके पिता ने कई बार दुष्कर्म किया है। दुष्कर्मी पिता मजदूरी करता है तथा शराब पीने का आदि भी है। पुलिस ने रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला पोक्सो एक्ट में दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुण्यतिथि पर किया रक्तदान

कोटपूतली, (निसं)। ग्राम नौरंगपुरा निवासी डॉ. संतोष पटेल ने अपने दादा स्व.यादराम पटेल की तृतीय पुण्यतिथि पर कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल, अशोक राज पटेल, दिनेश पटेल आदि मौजूद रहे।

डिप्टी सीएम ने छात्रावास लोकार्पण एवं सम्मान समारोह में शिरकत की

- मालपुरा को जिला बनाने की अधिसूचना जारी करने, लांबाहरिसिंह में बस सेवा शुरू करने की मांग

मालपुरा, (निसं)। अखिल भारतीय बैरवा समाज छात्रावास विकास समिति के तत्वाधान में शहर के अजमेर रोड पर छात्रावास लोकार्पण एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने रविवार को नवनिर्मित बालीनाथ छात्रावास व वाटर कूलर का लोकार्पण कर समाज के भामाशाओं को सम्मान से नवाजा।

समारोह में मौजूद समाज बंधुओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि बैरवा समाज में आज भी एकजुटता का अभाव है। समाज में फैली कुरीतियां समाज की तरक्की में सबसे बडी बाधा है। डिप्टी सीएम ने समाज की एकजुटता के साथ-साथ शिक्षा पर जोर दिया। बैरवा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से मुझे उपमुख्यमंत्री का पद देकर भाजपा ने मेरा व समाज का मान बढाया है। समाज के भामाशाओं के सहयोग से आज मालपुरा में बालीनाथ छात्रावास भवन बनकर तैयार हुआ है। जो कि युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। समारोह में समाज के उन भामाशाहाओं का सम्मान किया गया जिन्होने छात्रावास निर्माण के लिये आगे बढकर सहयोग किया। बैरवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित कुमार बैरवा, संयुक्त शासन सचिव भंवर लाल बैरवा, प्रान्तीय अध्यक्ष कजोडमल बैरवा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल, मालपुरा महासभा अध्यक्ष रामस्वरूप बैरवा, छात्रावास समिति अध्यक्ष भंवर लाल, हिंडोन सिटी एएसपी राकेश कुमार बैरवा, अंबेडकर विचार मंच समिति के पूजा लोकेश लोदी, पूर्व पालिका अध्यक्ष आशा महावीर नामा सहित बडी संख्या में मौजूद बैरवा समाज के लोगों ने डिप्टी सीएम का स्वागत किया। समारोह से पूर्व बैरवा समाज की 1100 महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश रख विशाल कलश यात्रा निकाली। विभिन्न सामाजिक संगठनों की और से कलश यात्रा का जोरदार स्वागत कर पुष्प वर्षा की गई।

डिप्टी सीएम प्रेमचन्द बैरवा ने नवनिर्मित बालीनाथ छात्रावास व वाटर कूलर का लोकार्पण कर समाज के भामाशाओं को सम्मान से नवाजा।

समारोह में शिरकत कर अंराई जाते समय डिप्टी सीएम का लाम्बाहरिसिंह में भाजपाईयों ने जोरदार स्वागत कर पार्टी का दुपट्टा व साफा पहनाते हुये लाम्बाहरिसिंह से भीलवाडा, जयपुर व अजमेर के लिये बंद पडी रोडवेज बस सेवा को पुन: चालू करवाने की मांग की।

इस पर डिप्टी सीएम ने आश्वासन दिया। मालपुरा पहुंचे डिप्टी सीएम का राजपूत समाज के लोगों ने स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। मालपुरा जिला बनाओं कोर कमेटी ने डिप्टी सीएम को ज्ञापन सौंप पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा मालपुरा को जिला बनाने की घोषणा के बाद अब मालपुरा को जिले का गजट नोटिफिकेशन जारी करवा जिला कलेक्टर सहित अन्य कार्यालय खुलवाये जाने की मांग की।

ग्रेनाईट की खदान में गिरी क्रेन, चालक की मौत

मालपुरा, (निसं)। पचेवर थाना क्षेत्र के मलिकपुर सडक मार्ग पर संचालित एक ग्रेनाईट की खान में क्रेन पलटी खाने से क्रेन चालक की दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी में सामने आया कि मलिकपुर रोड पर संचालित आर एन ग्रेनाईट की खदान पर क्रेन चालक द्वारा खदान से ग्रेनाईट का भारी भरकम भार निकालने के दौरान अनियंत्रित हो क्रेन पलटी खा जाने से चालक रणजीत पुत्र राजू सिंह रावत निवासी वानाखेडा अजमेर की दर्दनाक मौत हो गई। मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में चल रही ग्रेनाईट की खदानों पर कार्य करने वाले श्रमिकों व क्रेन सहित अन्य यंत्र चलाने वाले कार्मिकों की प्रशासन द्वारा समय पर जांच नहीं करने के चलते अनुभवहीन चालक व श्रमिक आये दिन अकाल मौत का ग्रास हो रहे है। मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में अब तक दर्जनों श्रमिक ग्रेनाईट की खदानों में मौत को गले लगा चुके है।

अंत्योदय से सूर्योदय तक हर वर्ग का हो उत्थान : केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत

- सैनी समाज कर्मचारी और अधिकारी विकास संस्था द्वारा नवोन्मेष कार्यक्रम

फुलेरा, (निसं)। सैनी समाज कर्मचारी और अधिकारी विकास संस्था जिला शाखा जयपुर द्वारा रविवार को दीपस्मृति सभागार नवोन्मेष कार्यक्रम राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत की अध्यक्षता और राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री सामाजिक और न्याय अधिकारिता विभाग के मंत्री अविनाश गहलोत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में भागचन्द टांकडा, विधायक भगवान राम सैनी, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, निर्मल पंवार, सुमित्रा सैनी, सुरेश सैनी, रेणु सैनी रहे। जानकारी देते हुए फुलेरा शाखा अध्यक्ष प्रकाश चन्द एवं समाजसेवी योगेन्द्र गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि अविनाश गहलोत और अन्य आगन्तुक अतिथियों ने संत शिरोमणि लिखमिदास महाराज, मां भारती, महात्मा ज्योतिबा फुले और देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात आगन्तुक अतिथियों का संस्था द्वारा माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसी क्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को विकसित करने के लिए सभी को एक साथ आवाज उठानी होगी।

वहीं आगे कहा कि मैं आज जो कुछ भी हूं उसका सम्पूर्ण श्रेय मेरे समाज को जाता है। समाज ने मुझे प्लेटफार्म दिया, इस वजह से मैं आज इस मंच तक पहुंच पाया हूं। समाज में चल रही बुराइयों को खत्म कर शिक्षा पर जोर देना होगा। जिससे कि हम हमारे समाज के आदर्श महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले के पद चिन्हों और उनके सपनों को साकार कर सके। समाज के हर वर्ग का कल्याण हो, अंत्योदय से सूर्योदय तक हर वर्ग का उत्थान हो, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। विशिष्ट अतिथि विधायक उदयपुरवाटी भगवान राम सैनी ने भी कार्यक्रम के दौरान कहा कि समाज की अधिकारी और कर्मचारी संस्था द्वारा सराहनीय कार्य किए जा रहे है, जो कि काबिले तारीफ है। संस्था के प्रदेशाध्यक्ष ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और जिला शाखा अध्यक्ष पूनम सैनी ने समाज हित में विभिन्न मांगे मुख्य अतिथि के समक्ष रखी।

मंत्री गहलोत ने जल्द ही सभी मांगों पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान महिला नेत्री और राजस्थान पीसीसी सचिव रेणु सैनी ने महिलाओं को भी ऐसे आयोजन में बढ-चढ़कर भाग लेने का आव्हान किया। सावित्री बाई फुले मंच अजमेर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। इस दोरान द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित महावीर सैनी, नेशनल हैंडबॉल प्लेयर रविन्द्र पाल, हिमांशु सैनी स्केटर, प्रधानाचार्या शारदा मालाकार, प्रधानाचार्य टीकम मालाकार को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को लेकर विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अन्तिम चरण में अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त करते हुए माली, सैनी समाज को एकजुट रहने का आव्हान किया। इस अवसर समाज अनेक लोग उपस्थित रहे।

प्रथम दिन 192 दिव्यांग नि:शुल्क उपकरण से लाभांवित हुए

लालसोट, (निसं)। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के सहयोग से पहल मानव सेवा संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय षष्टम् निशुल्क विशाल दिव्यांग सहायता शिविर के प्रथम दिन कुल 192 दिव्यांग लाभांवित हुए।

संस्थान के संयोजक सुनील गुप्ता ने बताया कि शिविर में कृत्रिम पैर 14, कृत्रिम हाथ 2, ट्राई साइकिल 40,बैसाखी 20, बहरों के लिए सुनने की मशीन 70, पोलियो ग्रस्त के लिए कैलीपर 5, पहिये वाली कुर्सी 25, छडी 16, उपलब्ध करवाई गई। संस्थान के सचिव सुरेंद्र जांगिड ने बताया कि शिविर के प्रथम दिन लालसोट विधायक रामबिलास मीना, पालिका अध्यक्ष पति सोनू बिनोरी, भामाशाह मुकेश मीना कांकरिया ढाणी सोनंदा की गरिमामयी मौजूदगी में दिव्यांगों को उपकरणों का वितरण किया गया। संस्थान द्वारा भमाशाहों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लालसोट विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामविलास मीणा ने कहा कि दिव्यांगों की सेवा करना भगवान की सेवा करने के बराबर है।

शिविर में दिव्यांगों को विधायक रामविलास मीणा द्वारा उपकरण वितरित किए गए।

इस अवसर पर युथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक पटेल, विकास सैनी जय अम्बे प्रोपर्टीज, बीडीओ योगेश मीना, शंभूलाल कुईवाला, डा दीपेश आमेरिया, अंकुश आमेरिया, प्रधानाध्यापक हंसराज शर्मा, महावीर विकलांग सहायता समिति के मैनेजर कैलाश चंद शर्मा, रिपु दमन, लोकेश, मोहन लाल, रामसिंह नाथावत, लोकेंद्र जैन, विष्णु अग्रवाल, जिला अध्यक्ष बदराम मीना, संदीप शर्मा, विमलेश शर्मा, प्रेमराज चौधरी, हीरालाल महावर, श्याम सुंदर सैनी, नवीन पांखला, अक्षित जांगिड, हिम्मत सिंह, विजय गवारिया, नाथूलाल जांगिड, मंजू खंडेलवाल, मीनू जांगिड, दिव्या चित्तोसिया, माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, हिंदुस्तान स्काउट गाइड, भारत विकास परिषद, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के कार्यकर्ता रहे।

जनसुनवाई में बिजली, पानी, सड़क की समस्याएं बताई

- विधायक बालकनाथ ने लोगों का जताया आभार, सुनी समस्याएं
- ग्रामीणों से रूबरू हुए और गांव के विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की

किशनगढ़बास/तिजारा, (निसं)। विधायक महंत योगी बालक नाथ ने रविवार को क्षेत्र के गांव ककराली से धन्यवाद जनसुनवाई यात्रा की शुरुआत कर दस गांवों में पहुंच लोगों का धन्यवाद कर समस्याएं सुनी और मौके पर अधिकारियों को समाधान के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को कहा पानी बिजली की मूलभूत सुविधाओं के लिए गांव के लोगों को परेशान होना पड़े यह अब नहीं चलने वाला है। लोगों को लगना चाहिए की सरकार बदल चुकी है। जनता की सुनवाई करने वाली सरकार है।

विधायक महंत बालक नाथ गांव की चौपाल पर जाकर ग्रामीणों से रूबरू हुए और गांव के विकास कार्यों की योजना रूपरेखा तैयार की गई। ग्रामीणों से सुझाव आमंत्रित कर गांव का विकास करने के लिए सभी का सहयोग लेकर कार्य करने का आश्वासन दिया। विधायक ने ग्रामीणों से समस्याओं के बारे में पूछा तथा मौके पर तहसीलदार, पुलिस विभाग, ग्राम सचिवों को निर्देशित करते हुए समस्याओं के समाधान के लिए कहा। जनसुनवाई के दौरान बिजली, पानी, सड़क, नाली, रास्तों की समस्याएं लोगों द्वारा बताई गई जिनके शीघ्र समाधान के लिए आस्वस्थ किया। जनसुनवाई चौपाल में यात्रा में तिजारा पंचायत समिति प्रधान जयप्रकाश यादव, भाजपा अध्यक्ष में विनय पाल यादव, संगठन विस्तारक सियाराम डागर, बनेसिंह, कुलदीप, अजयपाल, पूर्व जिला प्रमुख राजू यादव, देशपाल, सरपंच रघुवीर सिंह, विक्रम सिंह, रामनिवास, अनिल कुमार, राज प्रकाश एमपीएस, विक्रम सिंह गेलपुर, दिलीप सिंह, पूरन तंवर भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मंत्री संजय शर्मा ने 500 परिवेदना सुनकर निराकरण के निर्देश दिये

- डांबर सड़क निर्माण, 33 केवी विद्युत लाइन शिफ्ट कराने, नई बोरिंग कराने की मांग

अलवर, (निसं)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को अंबेडकर नगर स्थित भाजपा कार्यालय परिसर में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना।

मंत्री शर्मा ने जनसुनवाई में आई करीब 500 परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों, परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन के कार्यों को गंभीरतापूर्वक लेवे। उन्होंने कहा कि परिवेदनाओं के निस्तारण के पश्चात संबंधित व्यक्ति को परिवेदना के निस्तारण की सूचना दी जावे। यदि परिवेदना उच्च स्तर पर निस्तारित होती है तो इसकी सूचना भी फरियादी को देवे।

मंत्री शर्मा के समक्ष जिलेभर से आए करीब 500 फरियादियों ने अपनी परिवेदना प्रस्तुत की जिनमें मुख्य रूप से ग्राम लीली से लक्ष्मणगढ तक डांबर सडक निर्माण करवाने, ग्राम पंचायत बखतपुरा में 33 केवी विद्युत लाइन को शिफ्ट कराने, ग्राम भूगोर में कंकरीट सडक निर्माण करवाने, कोटपूतली-बहरोड के ग्राम काठूवास में अवैध रूप से संचालित पत्थर कटाई मशीन को बन्द करवाने, बानसूर के गांव भूरियाबास के ग्रामीणों द्वारा नाका हमीरपुर में अवैध खनन व अतिक्रमण रोकथाम हेतु परिवेदना प्रस्तुत की गई जिस पर मंत्री शर्मा ने मौके पर डीएफओ को भेजकर खनन प्रभावित क्षेत्र के आवागमन के रास्तों पर खाई खुदवाई। इसी प्रकार अलवर शहर के वार्ड नं. 21 में पेयजल लाइन डलवाने, दो नई बोरिंग करवाने व विद्युत लाइन को बदलवाने, विवेकानन्द नगर के सैक्टर 4 में सीवरेज लाइन डलवाने सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण की परिवेदनाएं प्रस्तुत करने पर मंत्री शर्मा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। इस अवसर पर महापौर घनश्याम गुर्जर, पूर्व विधायक जयराम जाटव, अशोक गुप्ता, पं. जलेसिंह, रमन गुलाटी, अशोक वर्मा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, गोवर्धन सिंह सिसोदिया, सुरेश यादव , जितेन्द्र शर्मा, देशराज वर्मा, प्रकाश अडिचवाल, जितेन्द्र राठौड, सुरेश मेहता, मनोज शर्मा, रजनीश जैमन, ऋषिराज शर्मा, हरिओम आदि रहे।

वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना।

शपथ ग्रहण

टोंक, (निसं)। नटराज सेवा संस्थान टोंक की कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह नटराज होटल टोंक में आयोजित किया गया।

संस्थान के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि समारोह के अतिथि डॉ. हेमंत शर्मा गंगापुर, सीताराम शर्मा अलियाबाद का संस्थान की और से माला, साफा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यकारणी को डॉ. हेमंत शर्मा गंगापुर, सीताराम शर्मा अलियाबाद ने शपथ ग्रहण कराई। कार्यकारणी में मुख्य संरक्षक मणिकांत गर्ग, उपाध्यक्ष राजेश अरोडा, सचिव चंद्रप्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष राजाराम शर्मा, कमलेश कुमावत एवं कमल किशोर शर्मा को शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर शिवजीराम मीणा, हनुमान प्रसाद बोहरा, प्रदीप पंवार, दशरथ गुर्जर, रामगोपाल यादव, सत्यनारायण चावला, भैरू लाल गुर्जर, भागचंद मेहर, बेनी प्रसाद महावर, वसीउल्लाहा बैग, हनुमान सिंह सोलंकी, सुनिल बंसल, ब्रजबिहारी शर्मा, आशीष सैनी, उमाशंकर उपाध्याय, पंकज खत्री, बाबू लाल शर्मा, रमेश मूंदडा, लोकेश विजय, सीताराम चावडा, असलम, आरिफ खान, प्रहलाद नीमावत, संजय संघी, शिवजी राम चौधरी, जर्रार खान, विष्णुदत्त शर्मा, विनोद विजय एवं राधेश्याम नामा सहित मौजूद रहे।

सार-समाचार

नाबालिग बच्ची को पिता को सौंपा

पावटा, (निसं)। प्रागपुरा थाना पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए गायब हुई नाबालिग बच्ची को एक घंटे में दस्तयाब कर उसके परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया। प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा ने बताया कि करीम खान अपनी ढाई साल की बच्ची को प्रागपुरा सुभाष चौक पर सुबह 4 बजे टेंपो में बिठाकर चाय लेने चला गया। करीब आधे घंटे बाद आकर देखा तो बच्ची नहीं मिली। इसकी सूचना पिता करीम खान ने प्रागपुरा पुलिस थाने पर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पुलिस ने फरियादी की सूचना पर नाबालिग बच्ची की तलाश शुरु करते हुए नाबालिग बच्ची की खोजबीन के लिये गठित टीम द्वारा आखिरकार नाबालिग बच्ची को एक घंटे के भीतर प्रागपुरा क्षेत्र से सकुशल दस्तयाब कर उसके पिता को सुपुर्द कर दिया गया। जिस पर परिजनों द्वारा प्रागपुरा थाना पुलिस का आभार व्यक्त किया।

नम्रता तथा राशी ने 8 गोल्ड मेडल जीते

नम्रता जेफ़

राशी जेफ़

पावटा, (निसं)। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर का 16वाँ दीक्षांत समारोह देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संदीप मेहता के विशिष्ट आतिथ्य तथा राजस्थान हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह में छात्रों को डिग्री तथा प्रतिभावान छात्रों को गोल्ड मेडल सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संदीप मेहता, राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव, वाईस चांसलर प्रो.हरप्रीत कौर ने प्रदान किये तथा रजिस्ट्रार अंकित सिंघल ने मंच संचालन किया। समारोह के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड ने दीक्षांत समारोह को वर्चूअली संबोधित करते हुए आशीर्वाद के साथ मार्गदर्शन किया। लॉ यूनिवर्सिटी ने कानून के विभिन्न क्षेत्रों में बीए एलएलबी (आनर्स) में कुल 15 गोल्ड मेडल्स प्रदान किये गए। जिनमें से नयाबास नीमकाथाना की दो बहिनों नम्रता जेफ तथा राशी जेफ ने ऐतिहासिक रूप से 8 गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश तथा मीणा समाज का नाम रोशन किया। नरेंद्र, देवेंद्र, राजेंद्र ने बताया कि बेटियों के परिजनों के चौमू स्थिति आवास पर बधाइयों का तांता लग रहा है।

केंद्र सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचे : रत्ना कुमारी



जयपुर, (निसं)। ग्राम पंचायत मेड में गांव चलो अभियान के तहत आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी ने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' के लिए मतदाताओं से घर-घर जनसंपर्क किया तथा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। रत्ना कुमारी ने महिलाओं के साथ चर्चा करते हुए उनको बताया की आप सक्षम हो नरेन्द्र मोदी जी और राजस्थान सरकार महिला सुरक्षा और महिला हित के लिए अच्छा कार्य कर रहे है। उन्होंने गांव में जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नुक्कड मीटिंग ली और और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी बचाओ के बारे में भी बताया इसके साथ की बेटियां के साथ हैंडपंप से पानी निकाल कर पानी भरा।

नाथ समाज नवयुवक मंडल की बैठक

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के पंचायत समिति के सामने हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को नाथ समाज नवयुवक मंडल की बैठक आयोजित हुई। एड. अशोक सुरेलिया ने बताया कि बैठक में पुलिस थाना कोटपूतली के पीछे स्थित नाथ समाज की श्मशान भूमि पर हो रहे अतिक्रमण सहित वहां की साफ सफाई आदि पर सहमति बनी साथ ही समाज के छात्र-छात्राओं की शिक्षा पर जोर देने एवं कुरीतियों को दूर करने की दिशा में मिल जुलकर कार्य करने पर चर्चा की गई। इस दौरान नवयुवक मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए रोहित पंवार को प्रचार मंत्री मनोनीत किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष प्रवीण योगी, उपाध्यक्ष मोनू सुरेलिया, सचिव विजय योगी, कोषाध्यक्ष सतीश योगी, डॉ. दिलीप पंवार, महेश योगी, सुरेश योगी, लल्लूराम मुनीम, चितरंजन योगी, कबूल योगी, लीलाराम योगी, उम्मेद योगी सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

शिविर में 155 मरीजों को चिकित्सा परामर्श दिया

- श्री राजपूत सभा भवन में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर संपन्न

चाकसू, (निसं)। कस्बा स्थित श्री राजपूत सभा भवन में रविवार को सेठ मुनीम लाल मेमौरियल सोसायटी द्वारा संचालित आशीर्वाद आई हॉस्पिटल के द्वारा नि:शुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर लगाया गया।

शिविर के मुख्य अतिथि श्री राजपूत सभा जयपुर राजस्थान केन्द्रीय अध्यक्ष रामसिंह चन्दलाई रहे। जिनका माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई ने बताया कि वर्तमान में मोबाइल व टीवी देखने से बच्चों और बडों की आंखें खराब हो रही है। कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करना चाहिए। श्री राजपूत सभा चाकसू के संगठन मंत्री अर्जुन सिंह हिंगोनिया एडवोकेट ने बताया कि चिकित्सा शिविर में 155 मरीजों को आंखों से संबंधित बिमारियों का चिकित्सा परामर्श दिया गया। इसमे टॉपिकल फेको पद्धित द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन , फेकों द्वारा नि:शुल्क ऑपरेशन (सिर्फ लैन्स चार्ज अलग से, लेजर मशीन से लैन्स के जाले की सफाई, नि:शुल्क परामर्श, नि:शुल्क कंप्यूटर द्वारा नेत्र जांच नि:शुल्क चश्मे के नंबर की जांच,डॉ.आशीष गोयल एमबीबीएस एमएस (ऑप्थल) वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ के द्वारा दी गई। इस दौरान केन्द्रीय अध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई के द्वारा डॉ. आशीष गोयल व अस्पताल स्टाफ का स्मृति चिन्ह व श्री राम दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। शिविर में तहसील अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह गरुडवासी, महामंत्री सुरेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, कोषाध्यक्ष गोकुल सिंह व हेमसिंह, भगवान सिंह ऊंट का खेडा, भागीरथ सिंह, नरेश सिंह, एडवोकेट अर्जुन सिंह हिंगोनिया एडवोकेट, मैनेजर रवि प्रकाश शर्मा, विजय मीना, दीपक,गोपाल सिंह, नरपत सिंह मौजूद रहे।